हरिभूमि
महासमुंद भूमि
रायपुर, मंगलवार 5 मई 2026
सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड



## खबर संक्षेप

### पुरानी रंजिश को लेकर युवक से मारपीट

**महासमुंद।** पुरानी रंजिश को लेकर युवक के साथ मारपीट के मामले में आरोपियों के विरूद्ध कोमाखान थाने में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम बकमा की लीलाबाई पटेल पति आशाराम पटेल (45 साल) ने कराए गए एफआईआर में बताया कि उसका पुत्र चितरंजन पटेल (23 साल) 15 अप्रैल को शाम करीबन 6.30 बजे अपनी मोटर सायकल बजाज पल्सर बिना नंबर से बकमा से विवाह कार्यक्रम में शामिल होने ग्राम राटापाली मौसी के घर जा रहा था। रात करीबन 7.30 बजे ग्राम लामीसरार के मुर्गी फार्म के पास पहुंचा था,तभी ग्राम टोंगोपानी के दीपेश साहू, कुंजन साहू एवं अन्य एक व्यक्ति ने चितरंजन पटेल का रास्ता रोक कर पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज करते हुए मारपीट की और उसकी बाइक में तोड़फोड़ कर दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351(2), 126(2), 324(4), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### गोठान में जुआ खेल रहे लोगों पर हुई कार्रवाई

**महासमुंद।** ग्राम कुलिया के गोठान में जुआ खेल रहे कुछ लोगों के खिलाफ कोमाखान पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि कुलिया गौठान के पास कुछ व्यक्ति जुआ खेल रहे हैं। मौके पर पहुंच कर पुलिस ने कार्रवाई की है। इस दौरान कुछ लोग पुलिस को देख कर भाग निकले। वहीं पकड़े गए लोगों ने अपने नाम योगेश कुमार साहू पिता रूप कुमार साहू (34 साल) बिहाझर थाना बागबाहरा जिला महासमुंद, खेमराज जैन पिता स्व तेजमल जैन (38 साल) लुकूपाली थाना कोमाखान जिला महासमुंद और तुषार चंद्राकर पिता एवन चंद्राकर (22 साल) खोपली थाना बागबाहरा जिला महासमुंद होना बताया। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने मोबाइल, मोटर साइकिल व नगद रकम कुल 1,17330 रुपए को बरामद कर धारा 3(2) छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई की।

### महिला के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम लखनपुर की एक महिला के साथ गाली गलौज और मारपीट करने के मामले में आरोपी के विरूद्ध पटेवा थाने में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थिया ने बताया कि उसकरा पति काम करने बाहर गया है। वह अपने तीन बच्चों के साथ ग्राम लखनपुर में रहती है। प्रार्थिया ने बताया कि ग्राम छिंदौली के रूपेश मानिकपुरी से उसकी जान पहचान है, लेकिन रूपेश जबरदस्ती तुमसे प्रेम करता हूं कहता है, जिसे वह कई बार मना कर चुकी है। 3 मई को प्रार्थिया काम से ग्राम सिंधौरी गई थी, जहां से वापस आते समय शाम करीबन 05 बजे सिंधौरी रोड के पास आरोपी रूपेश ने रोककर अकारण ही गालियां देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दिया। प्रार्थिया ने पुलिस को बताया कि पूर्व में भी रूपेश मानिकपुरी उसके साथ मारपीट कर चुका है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध 115(2, 126(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# हीटस्ट्रोक ने बढ़ाया खतरा, बीमारी की बड़ी वजह गर्मी में शरीर में पानी की कमी होना

## गर्मी के समय में ज्यादा समय प्यासा रहना पड़ सकता है भारी, डाक्टर ने दी सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

तेज धूप, चिलचिलाती गर्मी और लू के थपेड़ों के बीच अब सेहत पर एक और बड़ा खतरा सामने आया है। अस्पतालों में इन दिनों किडनी स्टोन, यूरिन इफेक्शन और अन्य यूरोलॉजिकल बीमारियों के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं। डॉक्टरों के मुताबिक इसकी सबसे बड़ी वजह शरीर में पानी की कमी यानी डिहाइड्रेशन है। विशेषज्ञों का कहना है कि गर्मी बढ़ने के साथ किडनी से जुड़ी समस्याओं के केस 20 से 30 प्रतिशत तक बढ़ जाते हैं, खासकर ज्यादा तापमान वाले इलाकों में। विशेषज्ञों की माने तो गर्मी में ज्यादा पसीना निकलने से शरीर में पानी और जरूरी मिनरल्स की कमी हो जाती है, जिससे यूरिन गाढ़ा हो जाता है और किडनी में स्टोन बनने का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। उनके अनुसार इन दिनों पथरी के मरीज पहले से ज्यादा संख्या में सागने आ रहे है।



डॉ विजय आनंद कोसरिया का कहना है कि लगातार डिहाइड्रेशन किडनी फंक्शन को प्रभावित करता है और गभीर मामलों में किडनी फेल होने तक की स्थिति बन सकती है, इसलिए बुजुर्ग, डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों को खास सतर्कता बरतनी चाहिए। कुल मिलाकर गर्मी में छोटी-सी लापरवाही भी किडनी पर भारी पड़ सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों की साफ सलाह है कि अगर समय रहते पानी पीने और लाइफस्टाइल पर ध्यान दिया जाए तो किडनी और यूरोलॉजिकल बीमारियों से काफी हद तक बचाव संभव है। याद रखे पानी ही सबसे सस्ती और असरदार दवा है। इसलिए गर्मी के इन दिनों में जहां तक हो सके, ज्यादा से ज्यादा पानी का सेवन करें। बल्कि इसे अपनी जीवनचर्या में दवा की तरह इस्तेमाल करना शुरू कर दें। डाक्टर विजय आनंद कोसरिया ने बताया कि कुछ सामान्य दिखने वाले लक्षण भी गंभीर बीमारी का संकेत हो सकते हैं। इनमें पेशाब में जलन या दर्द, बार-बार या बहुत कम पेशाब आना, पेट व कमर के निचले हिस्से में तेज दर्द पेशाब का गहरा रंग और मतली या उल्टी शामिल हैं। ऐसे लक्षण दिखने पर तुरंत जांच कराना जरूरी है, क्योंकि समय पर इलाज से बड़ी परेशानी से बचा जा सकता है। बचाव ही सबसे बेहतर उपाय है। दिन भर में 3 से 4 लीटर पानी पीना, नारियल पानी, छाछ और नीबू पानी जैसे तरल पदार्थों को डाइट में शामिल करना, ज्यादा नमक और जंक फूड से दूरी रखें, धूप में निकलते समय सिर ढंकना और पानी साथ रखना, साथ ही पेशाब को ज्यादा देर तक न रोकना, ये सभी आदतें किडनी को सुरक्षित रखने में मदद करती हैं।

## भाजपा के सुशासन पर जनता ने लगाई मुहर : रमेश



**महासमुंद।** पश्चिम बंगाल, पुडुचेरी और असम में बीजेपी की ऐतिहासिक जीत पर भाजपा के वरिष्ठ नेता व पिटियाझर सोसायटी अध्यक्ष रमेश साहू ने हर्ष व्यक्त करते हुए सेवा, सुशासन और जनता के विश्वास का जीत बताया है। उन्होंने कहा कि बंगाल में ममता बनर्जी के 15 साल में बंगाल काफी पिछड़ गया था। केंद्रीय योजनाओं को लागू न कर बंगाल की जनता को उनके अधिकारों से वंचित रखा जाता था। बंगाल की महिलाओं व सभी वर्ग के मतदाताओं ने पीएम मोदी पर विश्वास जताते हुए ऐतिहासिक बहुमत भाजपा को दिया है। यह जीत भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन की बेहतर रणनीति, गृहमंत्री अमित शाह का मार्गदर्शन व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व का परिणाम है। इसी तरह असम में भी पुनः भाजपा को जनता ने अपना ऐतिहासिक जनादेश दिया है। पिछले 5 सालों में असम में भाजपा ने जो कार्य किया, मुख्यमंत्री हेमंता विश्वा सरमा के नेतृत्व में असम का ऐतिहासिक विकास हुआ, जिसे जनता ने पसंद किया और अपना पूर्ण बहुमत पुनः प्रदान कर भाजपा पर भरोसा जताया है। पुडुचेरी में भी भाजपा की ऐतिहासिक जीत जनता का सुशासन सरकार के प्रति भरोसे का प्रमाण है। रमेश साहू ने कहा कि देश के चहुंओर भाजपा का परचम लहरा रहा है। देश की जनता ने इंडी गठबंधन को सिरे से नकार दिया है। कांग्रेस अपना अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। जनता ने कांग्रेस को 60 सालों तक देश का नेतृत करने का मौका दिया। लेकिन कांग्रेस जनता का विश्वास नहीं जीत पाई।




## पत्रकारिता केवल एक पेशा नहीं बल्कि राष्ट्र और समाज के प्रति सेवा का माध्यमः सेवक

**बसना।** स्व जयदेव सतपथी महाविद्यालय बसना एमए द्वितीय के छात्र-छात्राओं को पत्रकारिता के विषय पर पत्रकारिता प्रशिक्षण शिविर में वरिष्ठ पत्रकार सेवक दास दीवान ने व्याख्यान दिया। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को व्याख्यान देते हुए सेवक दास दीवान ने बताया कि पत्रकारिता के अर्थ एवं परिभाषा, उद्देश्य, लोकतंत्र में महत्व, नैतिकता, चुनौतियां, समाचार के माध्यम जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर व्याख्यान दिया। दीवान ने आगे कहा कि पत्रकारिता का अर्थ दैनिक घटनाओं का संकलन, संपादन और प्रस्तुतीकरण आदि। सत्य को सामने लाना, जनमानस को शिक्षित करना और सामाजिक राजनीतिक मुद्दों पर जनमत तैयार करना। पत्रकार लोकतंत्र में सजग प्रहरी के रूप मे भूमिका निभाता है। अन्याय, अत्याचार, भ्रष्टाचार के खिलाफ अपने कलम के माध्यम से आवाज बुलंद करना। निष्पक्षता, सटीकता और विश्वसनीयता पत्रकारिता के मूल स्तंभ है। वर्तमान स्थिति में फेंक न्यूज, सनसनी खेज खबरें और ग्रामीण क्षेत्रों में संसाधनों की कमी प्रमुख चुनौतियां हैं। पत्रकारिता विभिन्न रूपों पर प्रकाश डालता है। पत्रकारिता केवल एक पेशा नहीं बल्कि राष्ट्र और समाज के प्रति सेवा का माध्यम है। पत्रकारिता समाज का दर्पण और लोकतंत्र का चौथा स्तंभ माना जाता है। सूचनाओं के संकलन,लेखन और संपादन के माध्यम से जनता को जागरूक करती है। यह केवल समाचार देना नहीं बल्कि विश्लेषण जनमत निर्माण, समाज को दिशा देने का सशक्त माध्यम है। इस अवसर पर महाविद्यालय के व्याख्याता एनके प्रधान, शिवराम निषाद, सुनीता साहू के अलावा एमए द्वितीय के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## असामाजिक तत्वों ने मंदिर में की तोड़फोड़, राधा-कृष्ण की प्रतिमा को किया क्षतिग्रस्त, आग भी लगाई

**महासमुंद।** जिले के बागबाहरा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम मुनगासेर में बीती रात अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा मंदिर में तोड़फोड़ कर धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार उपद्रवियों ने मंदिर में स्थापित राधा-कृष्ण की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया। राधा रानी की चुनरी में आग लगाने के साथ ही प्रतिमा की बाईं भुजा तोड़ दी गई तथा मंदिर की घंटी को भी नुकसान पहुंचाया गया। गौरतलब है कि कुछ माह पूर्व भी गांव में शनिदेव की प्रतिमा को खंडित किए जाने की घटना सामने आई थी। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने इसे सनातन विरोधी मानसिकता की करतूत बताते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इसी रात उपद्रवियों ने मुनगासेर स्थित पेट्रोल पंप परिसर में खड़ी एक कार में भी तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया। पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। ग्राम सरपंच यमुना राजू चंद्राकर ने कहा कि इस तरह की घटनाओं को अंजाम देने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। सरपंच सहित ग्रामीणों ने बागबाहरा थाने में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। फिलहाल बागबाहरा पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच में जुटी हुई है। पूरा मामला बागबाहरा थाना क्षेत्र के ग्राम मुनगासेर का है।

## गार्डन में बैठे व्यक्ति पर अज्ञात आरोपी ने किया चाकू से हमला

**महासमुंद।** अपने मामा की लड़की को नीट की परीक्षा दिलाने आए एक व्यक्ति पर अज्ञात आरोपी ने चाकू से हमला कर दिया। रिपोर्ट पर घटना में शामिल दो अज्ञात लोगों के विरूद्ध सिटी कोतवाली में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी ओमप्रकाश गहेरवार वार्ड नं 01 पिलवापाली पिथौरा ने बताया कि 03 मई को उसका बड़ा भाई परमेश्वर गहेरवार सुबह करीबन 8 बजे ग्राम पिलवापाली से मामा की लड़की नीलम कंदोई को नीट का पेपर दिलवाने महासमुंद आया था। करीबन 11 बजे प्रार्थी को फोन से पता चला कि उसके भाई परमेश्वर को अज्ञात दो व्यक्तियों ने जामा मस्जिद महासमुंद के पास स्थित गार्डन चाकू मार दिया है, जिसे जिला अस्पताल महासमुंद में इलाज के लिये ले जाया गया है। इसके बाद प्रार्थी ने जिला अस्पताल महासमुंद पहुंच कर अपने भाई से घटना के बारे में पूछा। जिस पर उसने बताया कि सुबह 10-10.30 बजे बहन नीलम कंदोई के साथ किलकारी गार्डन जामा मस्जिद के सामने में बैठा था, तभी दो व्यक्ति मोटर सायकल में आये, जिसमें एक व्यक्ति मोटर सायकल के पास दूर में खड़ा था और दूसरा व्यक्ति उसके पास आया और रुपए मांगने लगा, जब उसने रुपए नहीं है कहा तब वह आरोपी जेब से चाकू निकाल कर डराने लगा, जिस पर उसने पर्स से 200 रुपए निकाल कर दिया, इस पर वह 500 रुपए मांगने लगा। जब परमेश्वर ने रुपए नहीं कहा तब आरोपी ने कहा कि 500 रुपए दो नहीं तो चाकू मारकर हत्या कर दूंगा कहा और हाथ में रखे चाकू से सीना में वार करने लगा, तब उसने हाथ से रोका, जिससे बायें हाथ की भुजा में गंभीर चोट आई। घटना को देखकर बहन के चिल्लाने पर दोनों व्यक्ति वहां से मोटर सायकल में बैठ कर भाग निकले।

# वृंदावन विद्यालय में हाईस्कूल परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

वृंदावन विद्यालय इंग्लिश मीडियम हाईस्कूल में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा सत्र 2025-26 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा दसवीं में शाला स्तर में प्रथम स्थान नमन कुमार साहू 94 प्रतिशत, द्वितीय पूर्वा चंद्राकर 90.83 प्रतिशत व तृतीय मौली पटेल 86 प्रतिशत रहा।


इसी क्रम में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा पांचवीं व आठवीं का परीक्षा परिणाम भी शत-प्रतिशत रहा। कक्षा आठवीं में शाला स्तर पर प्रथम स्थान भीगेश्वरी साहू 94.75 प्रतिशत, द्वितीय कुमुद पटेल 93.18 प्रतिशत व तृतीय समृद्धि चंद्राकर 91.92 प्रतिशत रहा। वहीं कक्षा पांचवीं में शाला स्तर पर प्रथम स्थान रूद्र पवन पकवासा 96.20 प्रतिशत, द्वितीय पूजा देवांगन 94.75 प्रतिशत व तृतीय माही कोसले 94.05 प्रतिशत रहा। इन सब विद्यार्थियों ने परीक्षा में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन देकर शाला का नाम गौरवांवित किया। संस्था के चेयरमैन एमआर विश्वनाथन ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता केवल विद्यार्थियों की मेहनत नहीं, बल्कि उनके द्वारा अपनाए गए अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। संचालिका सुजाता विश्वनाथन ने विद्यार्थियों के इस उपलब्धि को उनके निरंतर प्रयास से हासिल किया हुआ लक्ष्य बताते हुए जीवन में सीखने के अवसर हमेशा बनाए रखने और निरंतर आगे बढ़ने की सीख दी। उपप्राचार्य इंदु मिश्रा ने सभी छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए भविष्य में और भी ऊँचे लक्ष्य निर्धारित करने की प्रेरणा दी। छात्रों की इस सफलता पर उनके विषय शिक्षक-शिक्षिकाओं, अमृता चंद्राकर, जागृति साहू, रिंकी कुर्रे, प्रवीण साहू, होमेश साहू, दीपशिखा गायकवाड़ का विशेष सहयोग रहा। विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं, उर्मिला अग्निहोत्री, वर्षा चंद्राकर, संध्या सोना, भूमिका वर्मा, शुभ्रा अग्रवाल, नंदिनी साहू, अंशु यादव, हीना खान, सुषमा साहू, नीरू माझी, आरती गुप्ता, मोनिशा बावनकर, संगीता साहू, हेमलता वर्मा, भूमिका निर्मलकर, रूपाली साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, तुषार निर्वाण, अमन वर्मा, आदि ने सभी छात्र-छात्राओं की इस उपलब्धि पर हर्ष जताया है।

# गुरुकुल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर पर बनाया स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ में संस्कृत भाषा के संरक्षण, संवर्धन एवं प्रचार-प्रसार के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय आर्ष ज्योति गुरुकुल आश्रम कोसरंगी ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिचय दिया है। छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्या मण्डलम्, रायपुर द्वारा घोषित वार्षिक परीक्षा परिणाम में गुरुकुल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर पर शीर्ष स्थानों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है।

पूर्व मध्यमा प्रथम वर्ष (कक्षा 9वीं) में गुरुकुल के छात्र गगन वर्मा ने 77 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नवम स्थान हासिल किया। पूर्व मध्यमा द्वितीय वर्ष (कक्षा 10वीं) में जितेश वर्मा ने 79.14



प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया, राम सागर मिरी ने 78 प्रतिशत अंक अर्जित कर चतुर्थ स्थान प्राप्त किया तथा किलुंचाग्बे जेमे ने 76.57 प्रतिशत अंक के साथ आठवाँ स्थान प्राप्त किया। उत्तर मध्यमा प्रथम वर्ष (कक्षा 11वीं) में ललित जोईसी ने 79.57 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जो गुरुकुल के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। उत्तर मध्यमा द्वितीय वर्ष (कक्षा 12वीं) में गगन प्रधान ने 80.14 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पंचम स्थान प्राप्त किया, जिससे गुरुकुल की निरंतर श्रेष्ठता सिद्ध होती है। इन उत्कृष्ट परिणामों के माध्यम से आर्ष ज्योति गुरुकुल आश्रम, कोसरंगी के विद्यार्थियों ने, न केवल राज्य के टॉप 10 में स्थान प्राप्त किया, बल्कि वैदिक शिक्षा, संस्कृत भाषा एवं भारतीय संस्कृति के गौरव को भी नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया है। गुरुकुल के आचार्यों का समर्पण, अनुशासनयुक्त वातावरण एवं विद्यार्थियों की कठोर साधना और परिश्रम इस सफलता के मूल आधार हैं। यह उपलब्धि सम्पूर्ण गुरुकुल परिवार एवं छत्तीसगढ़ राज्य के लिए गर्व का विषय है। गुरुकुल परिवार सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है तथा वैदिक शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के अपने संकल्प को पुनः दृढ़ करता है।

# मर्यादा, त्याग और कर्तव्य का संदेश देते हैं श्रीराम : प्रकाश

## तीन दिवसीय रामायण मानस गायन से भक्तिमय हुआ ग्राम बरोली, बड़ी संख्या में श्रद्धालु हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

जनपद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरोली में 30 अप्रैल से 03 मई तक आयोजित तीन दिवसीय रामायण कथा एवं मानस गायन कार्यक्रम ने पूरे क्षेत्र को भक्ति और आस्था के रंग में रंग दिया। इस पावन आयोजन में विभिन्न मानस मंडलियों द्वारा मधुर प्रस्तुति दी गई, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा भगवान श्रीराम एवं संकट मोचन हनुमान की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर



जनपद पंचायत बसना के सभापति एवं अंकोरी क्षेत्र के जनपद सदस्य प्रकाश सिन्हा भी उपस्थित रहे। उन्होंने ग्रामवासियों से आत्मीय संवाद कर उनका कुशलक्षेम जाना तथा इस भव्य आयोजन के लिए आयोजकों एवं ग्रामवासियों की सराहना की।

सिन्हा ने कहा कि भगवान श्रीराम के आदर्श हमें सत्य, मर्यादा, त्याग और कर्तव्य पालन की प्रेरणा देते हैं। उनके जीवन से हमें समाज में सद्भाव, सेवा और नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ने की सीख मिलती है। तीन दिवसीय इस धार्मिक आयोजन ने न केवल आध्यात्मिक चेतना को जागृत किया, बल्कि सामाजिक एकता, भाईचारा और संस्कारों को भी सुदृढ़ करने का कार्य किया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनपद सदस्य प्रतिनिधि शशिकांत साव, विजय पटेल, सुजीत दास, मुकेश साव, मनोज साव, भूपेश साव, भुवन साव, नरोत्तम साव, देव साव, टंकेश्वर साव, उमेश साव, राजेन्द्र साहू, जीवन साव, अजय साव, विकास साव, जीतू साव, सोनू साव, हीराराम पटेल, विजय साव एवं प्रहलाद साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## जीत की खुशी



**पिथौरा (ग्रामीण)।** पश्चिम बंगाल, असम और पांडुचेरी में भाजपा की जीत पर पिथौरा में पार्टी कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर जश्न मनाया। इस दौरान उपस्थित लोगों के बीच झालमुड़ी का वितरण भी किया गया।

## कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 10 जून तक

**महासमुंद।** समग्र शिक्षा अंतर्गत जिले में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए प्रवेश फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 10 जून 2026 तक निर्धारित है। जिला मिशन समन्वय समग्र शिक्षा रेखराज शर्मा ने बताया कि सत्र 2026-27 के लिए कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सुनसुनिया विकासखंड बागबाहरा, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय लाखागढ़ विकासखंड पिथौरा एवं कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बंसुला विकासखंड बसना में कक्षा 06वीं में प्रवेश हेतु प्रवेश फार्म का वितरण उक्त आवासीय विद्यालयों में 01 मई 2026 से प्रारंभ हो गया है। प्रवेश फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 10 जून 2026 तक निर्धारित है। उन्होंने बताया कि कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सुनसुनिया, बागबाहरा एवं कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय लाखागढ़, पिथौरा में कक्षा 06वीं के लिए 32-32 रिक्त सीट, तथा कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बंसुला, बसना में कक्षा 06वीं में 30 रिक्त सीट है।

# जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में हुआ वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी डीएलएड के छात्राध्यापकों के लिए अरुण प्रधान प्राचार्य डाइट के मार्गदर्शन, उमादेवी शर्मा उपप्राचार्य डाइट के दिशा निर्देश एवं क्रीड़ा प्रभारी ईश्वर चंद्राकर के संयोजन में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का दो दिवसीय आयोजन हुआ।

इस दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ अरुण प्रधान प्राचार्य, उमादेवी शर्मा उपप्राचार्य सहित समस्त अकादमिक एवं कार्यालयीन सदस्यों की उपस्थिति में इंडोर गेम शतरंज की चाल और कैरम का स्ट्राइकर से शार्ट मारकर किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य



अरुण प्रधान ने कहा कि खेल का जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका है। खेल जीवन में स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ अनुशासित जीवन जीने की सीख देता है। उपप्राचार्य उमादेवी शर्मा ने कहा कि वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता हेतु विद्यार्थियों का उत्साह और ऊर्जा देखकर मुझे अत्यंत प्रसन्नता हुई। खेल केवल शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन नहीं है, बल्कि यह अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास का प्रतीक है। खेल प्रभारी ईश्वर चंद्राकर ने कहा कि मेरा विश्वास है कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं और उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। पश्चात डाइट के प्रथम और द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापकों को सत्यम, शिवम्, सुंदरम और मधुरम दल में विभाजित कर खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम दिवस इंडोर गेम शतरंज, कैरम, बोरा दौड़, गुब्बारा फुलाना, चम्मच कंचा दौड़, सिक्का उछालो, मोमबत्ती जलाना, सुई धागा और कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता एवं द्वितीय दिवस आउटडोर गेम बैडमिंटन एकल और युगल बॉलीबाल, बोरा दौड़, गोला फेंक, तवा फेंक, रस्सी दौड़, रस्सी कूद का आयोजन बालक बालिका वर्ग में आयोजित किया गया। इंडोर और आउटडोर गेम बालक और बालिका वर्ग में विजेता उपविजेता प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा।

## ममता के कुशासन का बंगाल की जनता ने किया प्रतिकार : भाऊराम

**महासमुंद।** असम और पश्चिम बंगाल में भाजपा की ऐतिहासिक जीत को जन-जन के विश्वास का विजय और भ्रष्टवादी सोच की जीत बताते हुए भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष भाऊ राम साहू ने दोनों राज्यों के भाजपा कार्यकर्ताओं, जनता को बधाई दी है। साहू ने कहा कि देश के हर दिशा में भाजपा का परचम लहराया है। असम ने एक बार फिर घुसपैठियों के खिलाफ राष्ट्रवादी शक्तियों का साथ दिया है। बंगाल की जनता ने भी



कठिन परिस्थितियों के बावजूद लोकतंत्र में अपना अटूट विश्वास दिखाया है। पहले कांग्रेस फिर कम्युनिस्ट और इसके बाद टीएमसी के शासन में बंगाल देश में काफी पिछड़ा रहा। बंगाल के लोग ममता के कुशासन का प्रतिकार किया है। बंगाल के लोगों के साथ किए अन्याय का बदला बंगाल की जनता ने लिया है। और साबित किया है, की अब किसी के बहकावे में न आकर एक सशक्त, सुशासन की सरकार को बंगाल का बागडोर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के नेतृत्व में सुशासन की बयार निरंतर आगे बढ़ रही है। भारतीय जनता पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम और जनता के स्नेह से यह ऐतिहासिक जनादेश भाजपा के पक्ष में मिला है।



तापमान
अधिकतम 38.2 डिग्री
न्यूनतम 26.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, मंगलवार 5 मई 2026



14 कलेक्टर लंगेह ने कहा: बेटियों ने बढ़ाया ...





14 पुरी में भागवत कथा के लिए देवी-देवताओं को आमंत्रण






## खबर संक्षेप

### टैंकर से पानी भरने के दौरान विवाद, मारपीट

**महासमुंद।** टैंकर से पानी भरने के दौरान हुए विवाद में एक व्यक्ति के साथ मारपीट किए जाने के मामले में आरोपी के विरूद्ध सरायपाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को हेमंत अहिरवार वार्ड क्र. 07 शास्त्रीनगर झिलमिला ने बताया क 03 मई की शाम करीबन 05 बजे हमारे मोहल्ले में नगर पालिका का पानी टैंकर उसके घर के सामने खड़ा था। जिससे मोहल्लेवासी पानी भर रहे थे, प्रार्थी भी अपने बडे भाई संजय अहिरवार के साथ पानी भर रहा था। इसी दौरान मोहल्ले के पप्पू सागर एवं उसके परिवारवालों पानी भरने आए। इस दौरान हुए विवाद में पप्पू सागर ने प्रार्थी के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट की।

### ढाबा से देशी शराब बरामद, एक पर कार्रवाई

**महासमुंद।** ढाबा में शराब बेचने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ पिथौरा पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 40 पौवा देशी शराब बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली थी कि गिरी ढाबा ग्राम जामपाली में चंदन कुमार गिरी नाम का व्यक्ति अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री कर रहा है। जब पुलिस ढाबा में पहुंची तो वहां एक व्यक्ति मिला, जिसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिस पर उसने अपना नाम चंदन कुमार गिरी पिता दिनेश्वर गिरी (34 वर्ष) वर्तमान पता गिरी ढाबा जामपाली थाना पिथौरा स्थायी पता वार्ड नं0 04 भादा मुरली थाना हरसिधी जिला मोतीहारी बिहार होना बताया।

### अपराध: तेंदूपत्ता तोड़ने गए ग्रामीणों ने किया शिकार

# आवारा कुत्तों ने घंटों दौड़ाया, थकी नीलगाय को कुल्हाड़ी से काट डाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा (ग्रामीण)

- तेंदूपत्ता तोड़ने गए ग्रामीणों ने दिया वारदात को अंजाम, वन विभाग ने की त्वरित कार्रवाई

वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम सुखीपाली के शांतिनगर में नीलगाय के शिकार का सनसनीखेज मामला सामने आया है। शिकारियों ने एक मादा नीलगाय की कुल्हाड़ी से बेरहमी से हत्या कर दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने मौके पर दबिश देकर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि चार आरोपी फरार बताए जा रहे हैं।

मिली जानकारी अनुसार सोमवार सुबह करीब 7 बजे तेंदूपत्ता तोड़ने गए ग्रामीणों की नजर एक नीलगाय पर पड़ी, जिसे आवारा कुत्तों के झुंड ने काफी देर तक दौड़ाकर थका दिया था। इसी का फायदा उठाते हुए शांतिनगर निवासी ईश्वर कुम्हार और टंकधर रात्रे ने भालूडोंगरी के पास नीलगाय पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। पहले वार में ही नीलगाय गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ी, जिसके बाद आरोपियों ने उसके गले पर ताबड़तोड़ वार कर उसकी मौके पर ही हत्या कर दी। नीलगाय के शिकार के बाद आरोपियों ने मृत नीलगाय को घसीटकर पास के खेत में ले जाकर उसकी मांस (मटन) बनाना शुरू कर दी। इस दौरान आसपास तेंदूपत्ता तोड़ रहे अन्य ग्रामीण सचिन कोलता, विद्याधर कोलता, सुरेंद्र झरेखा और जोहित झरेखा भी मौके पर पहुंच गए और मांस तैयार करने में जुट गए।



### पेड़ से टकराकर घायल हुआ हिरण, उपचार के बाद फिर से जंगल में छोड़ा गया

इधर ग्राम गिरना के जंगल कक्ष क्रमांक 229 में एक हिरण तेंदूपत्ता तोड़ने गए लोगों को देखकर तेज रफ्तार में भागते हुए अचानक पेड़ से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि हिरण गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा और उठने की स्थिति में नहीं रहा। घटना को आसपास मौजूद ग्रामीणों ने देखा और तुरंत इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घायल हिरण का उपचार कराया गया। प्राथमिक इलाज के बाद हिरण की स्थिति में सुधार होने पर उसे पुनः उसके प्राकृतिक आवास जंगल में छोड़ दिया गया।



घटना की सूचना मिलते ही वन परिक्षेत्र अधिकारी सुखराम निराला अपने वन अमले के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। वन विभाग की टीम को देखते ही आरोपी भागने लगे, लेकिन वन कर्मचारियों ने तत्परता दिखाते हुए जोहित झरेखा को दौड़ाकर पकड़ लिया। पूछताछ में उसके द्वारा अन्य आरोपियों के नाम उजागर किए जाने के बाद सुरेंद्र झरेखा को भी गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं मुख्य आरोपी ईश्वर कुम्हार, टंकधर रात्रे सहित सचिन और विद्याधर जाति कोलता मौके से फरार होने में सफल रहे। वन परिक्षेत्र अधिकारी सुखराम निराला ने बताया कि मृत नीलगाय मादा थी, जिसकी उम्र लगभग 4 वर्ष होगी। घटना की चश्मदीद महिलाओं के बयान भी दर्ज किए गए हैं।

घटना के बाद वन विभाग द्वारा मृत नीलगाय का विधिवत पोस्टमार्टम कराया गया। जिसके बाद वन विभाग ने नियमानुसार नीलगाय का अंतिम संस्कार किया गया। वन विभाग ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए सर्च अभियान चला रही है। सभी आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की गई है।

# कत्लखाने ले जाए जा रहे 28 मवेशी छुड़ाए गए, 8 अंतरराज्यीय तस्कर भी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- जामजुड़ा-कंचनपुर जंगल के रास्ते ओडिशा ले जा रहे थे

जिले में पुलिस, स्थानीय ग्रामीणों और सजग नागरिकों ने पशु क्रूरता एवं अवैध तस्करी के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। सांकरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कंचनपुर में घेराबंदी कर 28 नग बैलों को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया गया। रविवार 3 मई 2026 को कमलेश डडसेना को सूचना मिली कि कुछ लोग बड़ी संख्या में बैलों को अत्यंत क्रूरतापूर्वक पीटते हुए ग्राम पिरदा की तरफ से जामजुड़ा-कंचनपुर जंगल के रास्ते ओडिशा ले जा रहे हैं, उन्होंने बिना समय गंवाए मोहित साहू, दीपक पुरोहित और गुलशन गिरधर पटेल, राजा अग्रवाल, नीलेश पटेल के साथ मौके के लिए रवाना हुए। इन सभी ने अपनी जान की परवाह न करते हुए कंचनपुर तालाब के पास घेराबंदी की और तस्करों को रोकने में कामयाबी हासिल की। घेराबंदी के दौरान देखा गया कि तस्करों का गिरोह बैलों को खदेड़ते हुए ले जा रहा था। गिरोह की सुरक्षा और पुलिस की निगरानी के लिए आगे-आगे एक सफेद रंग की वेगन आर कार क्रमांक ओडी 14 ए 9643 चल रही थी। कमलेश डडसेना और मोहित साहू, दीपक पुरोहित और गुलशन गिरधर पटेल ने मुस्तैदी दिखाते हुए इन्हें रोका। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे इन पशुओं को ओडिशा स्थित कत्लखाने ले जा रहे थे। पकड़े गए सभी 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मौके पर मौजूद कमलेश डडसेना और उनके साथियों के सहयोग से सभी मवेशियों को सुरक्षित गौशाला भिजवा दिया गया है। सांकरा पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6 और 10 के तहत मामला दर्ज किया है।







## खबर संक्षेप

### प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा 10 को

**महासमुंद।** प्रदेश के प्रतिभावान विद्यार्थियों को उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ-साथ मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएस, सीएमए, क्लैट एवं एनडीए जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रयास आवासीय विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा का आयोजन 10 मई 2026 को किया जाएगा। परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की प्रक्रिया 09 मई 2026 तक जारी रहेगी। प्राक्चयन परीक्षा के दिन अभ्यर्थियों को प्रातः 09:30 बजे से 10 बजे तक ओएमआर शीट भरने का समय दिया जाएगा। पश्चात परीक्षा प्रातः 10 बजे से दोपहर 01 बजे तक आयोजित होगी। अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र विभागीय वेबसाइट https:// eklavya.cg.nic.in/PRSMS/Student-Admission-Detail पर डाउनलोड कर सकते हैं। प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट एवं जिले के सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

### प्रोत्साहन: मेरिट सूची में शामिल बेटियों को कलेक्टर ने किया सम्मानित

# कलेक्टर लंगेह ने कहा: बेटियों ने बढ़ाया महासमुंद जिले का मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी मुख्य परीक्षा 2026 के परिणाम में

■ अपने लक्ष्य पर अडिग रहे और आगे बढ़ते रहें: कलेक्टर

महासमुंद जिले की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले को गौरवान्वित किया है। कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में जिले की 8 छात्राओं तथा कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में 4 छात्राओं ने प्रदेश की टॉप-टेन सूची में स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है।

इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने आज छात्राओं और उनके पालको को सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कलेक्टर ने छात्राओं को गुलाब पुष्प, शॉल एवं स्मृति शील्ड भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया। साथ ही छात्राओं के




अभिभावकों का भी सम्मान कर उनकी सकारात्मक भूमिका की प्रशंसा की। कलेक्टर लंगेह ने छात्राओं से आत्मीय बातचीत करते हुए कहा कि यह सफलता आपकी प्रतिभा, अनुशासन, कठिन परिश्रम और सतत प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत ईमानदारी से की जाए, तो सफलता अवश्य प्राप्त होती है। कलेक्टर ने कहा कि शिक्षा ही जीवन में आगे बढ़ने का सबसे सशक्त माध्यम है। छात्राओं की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार, विद्यालय और शिक्षकों के लिए गर्व का विषय है, बल्कि पूरे जिले के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने छात्राओं को भविष्य में भी इसी लगन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने तथा अपने सपनों को साकार करने के लिए शुभकामनाएं दीं। कलेक्टर ने बालिकाओं द्वारा पूछे गए सवालों का क्रमशः जवाब दिया। उन्होंने कहा कि 12वीं के पश्चात स्नातक परीक्षा आवश्यक है। साथ -साथ अपने विशेष लक्ष्य की तैयारी करते रहे। छात्राओं ने सिविल सर्विसेस और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में मार्गदर्शन प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि सत्र 2025-26 में कक्षा 10वीं हेतु जिले से कुल 12 हजार 851 विद्यार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 12 हजार 663 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। जिले का कुल परीक्षा परिणाम 79.35 प्रतिशत रहा। इसी तरह कक्षा 12वीं में जिले से कुल 10 हजार 664 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे, जिनमें 10 हजार 579 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। जिले का कुल परीक्षा परिणाम 80.89 प्रतिशत दर्ज किया गया।

### सीजीपीएससी के माध्यम से प्रशासनिक सेवा में जाना चाहती है 'संध्या'

इस अवसर पर कक्षा 10वीं की टॉपर छात्राओं में एकलव्य इंग्लिश स्कूल अर्जुंदा की संध्या नायक ने कहा कि वे सीजीपीएससी के माध्यम से प्रशासनिक सेवा में जाना चाहती है। एकलव्य इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल बलोदा की परीरानी प्रधान ने मेडिकल क्षेत्र में जाने की इच्छा जताई। एकलव्य इंग्लिश स्कूल अर्जुंदा की रानू सिद्धिमयी साहू, रेणुका प्रधान, चाहत चौधरी, तिषा साहू, भारती चंद्रा एवं लता चौधरी ने अलग-अलग क्षेत्रों में पढ़ाई कर कैरियर संवारना चाहती है। वहीं कक्षा 12वीं की टॉपर छात्राओं में केजी कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल सरायपाली की शहनाज परवीन एवं केपीआई हायर सेकेंडरी स्कूल चट्टीगिरोला सरायपाली की गीतिका प्रधान ने कहा कि वे आईएएस की तैयारी करना चाहती है। इसी तरह सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल बागबाहरा की पौर्वी देवांगन तथा एकलव्य इंग्लिश स्कूल अर्जुंदा की दिव्या अग्रवाल ने भी अपने अनुभव बताएं। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य कुमारी भास्कर, जिला शिक्षा अधिकारी बीएल देवांगन, जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा, सहायक संचालक नंदकुमार सिन्हा, शिक्षा विभाग के शिक्षकगण एवं छात्राओं के अभिभावक उपस्थित रहे।

## समाजसेवी मंगत सिंह ने पालिका को प्रदान किया वाटर कूलर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भीषण गर्मी में नगर पालिका आने जाने वाले नागरिकों को राहत प्रदान करने समाज सेवी मंगत सिंह चावला द्वारा 35000 रु का वाटर कूलर प्रदान किया गया। इस सराहनीय पहल से नगर वासियों को शीतल जल उपलब्ध हो सकेगी।

नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू ने चावला के इस जनहितकारी सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सभापति गुलशन साहू, ज्योति रिंकू चंद्राकर, युवा साथी निशु शर्मा, अरविंद साहू, महेंद्र साहू आदि उपस्थित थे।

### पानी का छिड़काव शुरू करने और निर्माण कार्य में तेजी लाने की मांग

**महासमुंद।** राष्ट्रीय तेली कर्मा सेना के संस्थापक व भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशवंत तुषार साहू ने कहा कि महासमुंद-तुमगांव मार्ग पर 19.86 करोड़ की लागत से हो रहे 9.65 किलोमीटर लंबे सड़क चौड़ीकरण (फोरलेन) कार्य में अत्यधिक धूल के कारण बेमचा, परसदा, कौदकेरा और आस-पास के निवासियों व राहगीरों का जीना मुहाल हो गया है। निर्माण स्थल पर बिखरे मुरूम और कछुआ गति के कारण उड़ने वाली धूल से सांस की बीमारियां, आंखों में जलन और खाद्य सामग्री खराब होने की समस्या गंभीर हो गई है। निर्माण के लिए डाली गई गिट्टी, मुरम के कारण भारी वाहनों के गुजरने पर धूल का गुबार छा जाता है, जिससे दोपहिया वाहन चालकों को कुछ भी दिखाई नहीं देता, जो दुर्घटना को दावत दे रहा है। स्थानीय लोगों में सांस की तकलीफ, खांसी और आंखों में जलन के मामले बढ़ रहे हैं। धूल से प्रभावित घरों के अंदर, छतों और कपड़ों पर धूल की मोटी परत जम रही है, जिससे रोजमर्रा का जीवन अस्त-व्यस्त है। इस मार्ग पर नियमित पानी का भी छिड़काव नहीं किया जा रहा है।

### भाजपाइयों की हुई बैठक

**महासमुंद।** भाजपा शहर मंडल द्वारा भाजपा कार्यालय में मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका की अध्यक्षता में भाजपा कार्यालय में पदाधिकारी के साथ मासिक बैठक रखी गई थी। सिका ने अपने पदाधिकारी के साथ आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई एवं शक्ति केंद्र एवं बूथ के विस्तार को लेकर चर्चा की गई। कार्यक्रम में मंडल महामंत्री मीना वर्मा, अग्रज शर्मा, जनक लाल साहू, राजेंद्र राजू चंद्राकर, ऋषभ बाफना, कल्पना सूर्यवंशी, नईम खान, शरद मराठा आदि मौजूद रहे।

## सेजेस तुमगांव के छात्रों ने सीजी बोर्ड परीक्षा में किया कमाल



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीजी बोर्ड) कक्षा 10 एवं 12वीं की परीक्षा परिणाम घोषित होने के साथ ही पीएमश्री सेजेस तुमगांव स्कूल में खुशी का माहौल है। स्कूल के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले में नाम रोशन किया है। कक्षा 10 में स्कूल टॉपर रामन ध्रुव ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया।

दूसरे स्थान पर डाकेश साहू (93.8 प्रतिशत), तीसरे पर प्रगेश साहू (91.3 प्रतिशत) तथा चौथे स्थान पर भारती साहू (90.3प्रतिशत) रही।कक्षा 12 में भूमि साहू और लेखिका साहू ने संयुक्त रूप से 89.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप किया। मयंक चौधरी ने 89.2 प्रतिशत तथा पुष्पेंद्र साहू ने 87 प्रतिशत अंक हासिल किए । रामन ध्रुव (कक्षा 10, 95.6 प्रतिशत ) ने कहा कि मेरी सफलता का श्रेय मेरे शिक्षकों, माता-पिता और स्कूल प्रबंधन को जाता है। नियमित पढ़ाई, समय प्रबंधन और आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी है। प्राचार्य देवेंद्र अगलावे ने छात्रों की सफलता पर हर्ष जताया है। कार्यक्रम में एल कुरील, आईएल साहू, केआर साहू, सत्यदेव गेंद्रे, अश्विनी धीवर, तिलक शर्मा, कामता प्रसाद साहू, पवन कुमार डडसेना, रोहित लहरे, देवेश कुमार, ज्योति सिंह, हेमलता साहू, कुसुम कुजूर, सविता ध्रुव, अंकिता ठाकरे, गीतिका कौशिक, गीता पटेल, सिद्धांत गायगौरे, सुरेश यादव, सागर झा आदि मौजूद रहे।

# पुरी में भागवत कथा के लिए देवी-देवताओं को आमंत्रण

## समुद्र तट पर पार्थिव शिवलिंग का पूजन करेंगे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर व जनकल्याण भाव से जगन्नाथपुरी धाम में होने वाले श्रीमद भागवत कथा के लिए नगर के देवी देवताओं को आमंत्रण देकर आयोजन की सफलता के लिए श्रीफल भेंटकर दर्शनलाभ और आर्शीर्वाद लिया। मुख्य जजमान शंकर इंद्राणी पांडेय, सह जजमान मनोजकांत सीतादेवी साहू व हेमंत तारा चंद्राकर ने सर्वप्रथम गणेश मंदिर पहुंचे और विघ्नहर्ता को प्रणाम कर आयोजन की सफलता के लिए याचना की। इसके बाद बरोंडा चौक स्थित दुर्गा मंदिर, कचहरी चौक हनुमान मंदिर, श्रीराम जानकी मंदिर, महामाया मंदिर, शीतला मंदिर, पुराना हास्पिटल स्थित हनुमान व नर्मदेश्वर महादेव मंदिर तथा शारदा मंदिर में दर्शन पूजन व श्रीफल भेंटकर मत्था टेका। चारधाम भागवत कथा आयोजन समिति द्वारा बद्रीनाथ, रामेश्वरम, द्वारिकापुरी के बाद इस वर्ष



17 मई से जगन्नाथपुरी में भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी तैयारी अंतिम चरण में है। इस कथा में करीब 150 श्रद्धालु नगर व आसपास के शामिल होंगे। जानकारी देते हुए आयोजन समिति के मूलचद लड्ढा, देवेंद्र गुडडू चंद्राकर, दिलीप जैन ने बताया कि प्रतिदिन भागवत कथा के पूर्व सुबह पाली में अनेक आयोजन भी वहां होंगे। 19 मई को कोणार्क मंगला माता मंदिर दर्शन, 20 को भुवनेश्वर लिंगराज मंदिर, साक्षी गोपाल दर्शन के बाद 21 मई को समुद्र तट पर सुबह 9 बजे रेत से पार्थिव शिव लिंग बनाकर पूजन अभिषेक किया जाएगा। पुरी के समुद्र तट पर बद्रीनाथ, रामेश्वरम, द्वारिकापुरी के समुद्र तट के रेत व मिट्टी का मिश्रण कर चारधाम के पावन मिट्टी से पार्थिव शिव लिंग बनाया जाएगा। इसके पूर्व रामेश्वरम द्वारिकापुरी के तट पर पार्थिव शिव लिंग पूजन आचार्य पं पंकज तिवारी के सानिध्य में श्रद्धालुओं द्वारा किया गया था।

## नाचा गम्मत के संरक्षण-संवर्धन के लिए किए जा रहे कार्य के लिए रंजीत हुए सम्मानित



**नर्रा।** बालोद जिले के गौरव ग्राम निपानी में आयोजित तीन दिवसीय प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि पहुंची फिल्म विकास निगम बोर्ड के अध्यक्ष राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त मोना सेन ने छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत लोक कलाकार कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष रंजीत चक्रधारी को नाचा गम्मत के क्षेत्र में सराहनीय योगदान एवं नाचा गम्मत के संरक्षण संवर्धन के लिए कार्य के लिए मोमेंटो एवं प्रशत्ति पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही नाचा गम्मत विधा को छत्तीसगढ़ प्रदेश के अनमोल धरोहरों में से एक पारंपरिक लोक प्रिय विधा बताया। जिसमें शिक्षा प्रद कहानी सामाजिक जागरूकता, जैसे अनेक प्रेरित करने नाटकों से लोगों का स्वस्थ मनोरंजन करने के साथ लोगों को जागरूक करने का कार्य करती है। उन्होंने आगे भी कहा कि जब गांव में हम रहते थे तो बचपन से ही नाचा गम्मत देखते थे, दर्शकों के मांग पर मोना सेन ने गाना गाया, जिसे सुनकर हजारों की तादाद में पहुंचे दर्शक झूमने लग गए।

# शहर में सुशासन तिहार का आगाज, पहले दिन मिले 29 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के विशेष मार्गदर्शन में जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु एक अभिनव पहल 'सुशासन तिहार 2026' का आगाज महासमुंद में हो गया है। स्थानीय नगरपालिका कार्यालय प्रांगण में 4 मई से शुरू हुए इस विशेष अभियान के शुभारंभ के दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी और पार्षद कल्पना सूर्यवंशी की उपस्थिति रही। इस महत्वपूर्ण अवसर पर अतिथियों ने स्वयं उपस्थित होकर आम नागरिकों से उनकी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्राप्त किए और उन्हें विधिवत पावती प्रदान कर इस अभियान की शुचिता और गंभीरता को रेखांकित किया।

प्रशासन की योजना के अनुसार यह जनहितैषी अभियान दो प्रमुख चरणों में होगा, जिसमें प्रथम चरण की शुरुआत 4 मई से हो चुकी है, जो आगामी 8 मई तक अनवरत चलेगी।



इस प्रारंभिक अवधि के दौरान नगर पालिका कार्यालय परिसर में शहर के समस्त वार्डों से आने वाले नागरिकों के आवेदनों का व्यापक संकलन किया जाएगा। पश्चात द्वितीय चरण की प्रक्रिया 8 मई से प्रारंभ होकर 31 मई तक संचालित होगी, जिसमें प्राप्त सभी आवेदनों को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर ऑनलाइन दर्ज कर उनके समाधान की दिशा में निर्णायक और ठोस कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। अभियान के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए नगरपालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने शहरवासियों से भावुक अपील की है कि वे अपने वार्ड और मोहल्ले की लंबित समस्याओं को लेकर बेझिझक नगर पालिका कार्यालय आएं। प्रशासन की ओर से नागरिकों की सुविधा के लिए निःशुल्क आवेदन फार्म कार्यालय में ही उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने विशेष रूप से आग्रह किया है कि आवेदन पत्र जमा करते समय अपना मोबाइल नंबर स्पष्ट रूप से अंकित करें और रसीद या पावती अवश्य प्राप्त करें, ताकि भविष्य में आवेदन की स्थिति की जानकारी प्राप्त करने और संवाद स्थापित करने में सरलता बनी रहे।

राठी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए स्पष्ट किया कि इस अभियान की सार्थकता तभी सिद्ध होगी जब विभागीय अधिकारी पूर्ण निष्ठा और संवेदनशीलता के साथ प्रत्येक आवेदन का निराकरण करेंगे। अभियान के सुचारू संचालन और जन-जागरूकता के लिए नोडल अधिकारी दिलीप चंद्राकर को प्रतिदिन शहर में मुनादी कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है, ताकि नगर का अंतिम व्यक्ति भी इस योजना का लाभ उठा सके। आवेदन जमा करने की व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाए रखने हेतु नौशाद बक्श और विक्की महंती को विशेष रूप से तैनात किया गया है। सुशासन की इस दिशा में बढ़ते कदम का सकारात्मक प्रभाव पहले ही दिन देखने को मिला, जहां उत्साहपूर्ण वातावरण में लगभग 29 आवेदन प्राप्त हुए, जो इस अभियान की सफलता और जनता के विश्वास का जीवंत प्रमाण हैं।



### बागबाहरा में मनी संत शिरोमणि सूरदास की जयंती

**महासमुंद।** समर्पित सक्षम सेवा संस्थान द्वारा शहर बागबाहरा के राधा कृष्ण मंदिर में संत शिरोमणि सूरदास की जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि महेश चंद्राकर जिला संघ चालक, विशिष्ट अतिथि लोकेश्वर चंद्राकर पार्षद, विनोद यादव शिक्षक द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथियों का स्वागत गमछा, फूल, चंदन गुलाल से किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन व सक्षम का परिचय राजेश कुमार नायक जिला संयोजक ने किया। उर्वशी साहू जिला महिला प्रमुख व सूरदास के जीवन परिचय दिया। कार्यक्रम में अविनाश कोसे जिला कला प्रमुख, सरिता नायक जिला सह महिला प्रमुख, दुर्गा वस्त्रकार जिला सदस्य, डेविड साहू, सूरज चंद्राकर, सुरेश साहू, महेश वैष्णव आदि मौजूद रहे।

### निधन

#### धनीराम साहू



**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी भाटापारा निवासी धनीराम साहू (72) का देहांत 1 मई शुक्रवार को हो गया। जिसका अंतिम संस्कार प्रातः10 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। अंत्येष्टि यात्रा में ग्रामीण सहित सामाजिकजन शामिल हुए। वे फिरंतीन बाई साहू के पति व पुनीतराम साहू के भाई और कोमल साहू, धनेश्वर साहू, राजू साहू के पिता थे।







